उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 24.07.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 24.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 24.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 24.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।












# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 24.07.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 24.07.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

आज दिनांक 24.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर (RTC), महोबा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, अनुशासन व्यवस्था, कक्षा-कक्षों की स्थिति एवं उपलब्ध आधारभूत संसाधनों का सूक्ष्मता से जायज़ा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभव, समस्याएं, आवश्यकताएं एवं प्रशिक्षण से संबंधित सुझावों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने प्रशिक्षुओं को कर्तव्यपरायणता, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, परेड अभ्यास, शारीरिक प्रशिक्षण, अकादमिक कक्षाएं एवं खानपान व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी, व्यावहारिक एवं जनहित केंद्रित बनाया जाए।

एसपी महोबा ने कहा कि प्रशिक्षण पुलिस बल की नींव होता है, और इसे इस प्रकार संचालित किया जाना चाहिए जिससे प्रशिक्षु भविष्य में जनसेवा के प्रति सजग, संवेदनशील और अनुशासित अधिकारी के रूप में तैयार हों।

निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं पाई गई एवं संपूर्ण व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों एवं स्टाफ को उनकी तत्परता एवं अनुशासित संचालन के लिए सराहना भी प्रदान की गई।

"SP Mahoba inspected the Training Center"



## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने मुकदमें में वांछित 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा थाना प्रभारी निरीक्षक यशवन्त सिंह के नेतृत्व मे उ0नि0 गौरव चौबे द्वारा वाँछित की तलाश, चेकिंग संदिग्ध व्यक्तियो के दौरान मु.अ.सं. 305/2025 धारा 191(2)/126 (2) /352/351 (2)/333/115(2)/110/117(2)/324(2) बीएनएस से सम्बन्धित 03 नफर वाँछित अभियुक्तगण 1. सौरभ राजपूत पुत्र प्रमोद राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष 2. हरीओम राजपूत पुत्र अमरचन्द्र उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली नगर महोबा तथा 3. शिवम राजपूत पुत्र सुरेश उम्र करीब 24 वर्ष मूल निवासी ग्राम मुहारी थाना कुलपहाड जनपद महोबा वर्तमान निवासी टंकी के पास ग्राम सूपा थाना चरखारी जनपद को रेलवे स्टेशन के पास आटो स्टैण्ड महोबा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1.उ0नि0 गौरव चौबे चौकी इन्चार्ज सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 विनोद कुमार यादव थाना कोतवाली नगर महोबा
3. कां0 आमिर खान थाना कोतवाली नगर महोबा
4. का0 लोकेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक विवरण:-

1. सौरभ राजपूत पुत्र प्रमोद राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष 2. हरीओम राजपूत पुत्र अमरचन्द्र उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली नगर महोबा
3. शिवम राजपूत पुत्र सुरेश उम्र करीब 24 वर्ष मूल निवासी ग्राम मुहारी थाना कुलपहाड जनपद महोबा वर्तमान निवासी टंकी के पास ग्राम सूपा थाना चरखारी जनपद महोबा

### शिवम राजपूत का आपराधिक इतिहास:-

1. मु0अ0सं0 109/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना चरखारी जनपद महोबा
2. मु0अ0सं0 229/2024 धारा 317 (2)बीएनएस थाना चरखारी जनपद महोबा
3.मु0अ0सं0 230/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चरखारी जनपद महोबा
4. मु0अ0सं0 211/2024 धारा 303(2) व 317 (2) बीएनएस थाना श्रीनगर जनपद महोबा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आज दिनांक 24.07.2025 अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में सर्किल सदर अंतर्गत सभी थानों के विवेचकों का अर्दली रूम क्षेत्राधिकारी सदर की उपस्थिति में किया गया।

अर्दली रुम में निम्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं निर्देश दिए गए:

◆ लंबित विवेचनाओं का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

◆ कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी व गश्त बढ़ाई जाए।

◆ महिला अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण एवं शीघ्र विवेचना सुनिश्चित की जाए।

◆ जनसुनवाई के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

◆ रात्रि गश्त को और अधिक सक्रिय, प्रभावी एवं क्षेत्रवार रणनीति के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए।

◈ बैठक में विशेष रूप से श्रावण मास व कांवड़ यात्रा की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

➡ सभी थानों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सहायता को लेकर समुचित समन्वय किया जाए।

➡ श्रद्धालुओं की भीड़, धार्मिक स्थलों व रात्रि विश्राम स्थलों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए।

➡ ड्रोन, सीसीटीवी व लोकल इंटेलिजेंस के माध्यम से सतर्क निगरानी रखते हुए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दौरान जनसुरक्षा, शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्रीमती सुषमा चौधरी द्वारा गठित उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त शैलेन्द्र लोधी पुत्र जयपाल लोधी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम जरौली थाना खरेला जनपद महोबा सम्बन्धित केश नं0 194/18 अ0सं0 270/14 धारा 147/148/149/323/325/504/506 भादवि थाना खरेला जनपद महोबा में मा0 न्यायालय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम जरौली के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम–

1.उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा
2.कां0 सचिन कुमार यादव

### गिरफ्तार अभियुक्त–

शैलेन्द्र लोधी पुत्र जयपाल लोधी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम जरौली थाना खरेला जनपद महोबा

